Title: Demand to take action against the ministers in the Government for their disproportionate asset and income tax notices.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, हमारे हाथ में अद्भुत दस्तावेज़ है। उसमें कहा गया है कि सरकार के चार मंत्री हैं जिन पर डिस्प्रोपोर्शनेट असैट और इनकम टैक्स के नोटिस के लिए कोर्ट ने कहा है कि तीन महीने में कार्यवाही करके सूचित कीजिए। सरकार ने ऐफीडैविट किया है कि उसमें हाई लैवल इन्क्वारी हो रही है और कार्यवाही करेंगे। * इन पर कोर्ट के निर्देश के अनुसार इनकम टैक्स की क्या कार्यवाही हुई और डिस्प्रोपोर्शनेट असैट केस का क्या हुआ? एक तरफ ये मंत्री सरकार में बैठे हैं और दूसरी तरफ लालू प्रसाद जी पर, जो गरीबों के आदमी हैं, डिस्प्रोपोर्शनेट असैट केस में बराबर फजीहत करने की कार्यवाही हो रही है। मेरा आरोप है कि सरकार दोहरा मापदंड अख्तियार कर रही है। एक तरफ इनकम टैक्स और डिस्प्रपोर्शनेट असैट के कसूरवार लोग मंत्री के सिंहासन पर बैठे हैं और दूसरी तरफ राजनैतिक

---

*Expunged as ordered by the chair.

प्रतिशोध की भावना से गरीब लोगों के नेता को जेल में बराबर भेज कर गरीबों को डीमौरोलाइज़ करने की कोशिश की जा रही है। हमारी सदन से प्रार्थना है कि इस पर विचार होना चाहिए और हम जानना चाहते हैं कि जो चार मंत्री सरकार मैं बैठे हैं, उन पर क्या कार्यवाही हुई, क्या कार्यवाही होगी और मंत्री पद पर रहते हुए इनकम टैक्स और डिस्प्रपोर्शनेट असैट की कैसे कार्यवाही होगी। आप सदन के मालिक हैं, इस पर निर्णय किया जाए और कार्यवाही की जाए। चारों कसूरवार मंत्री जेल में जाएं और बराबर कार्यवाही हो।

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Sir, please direct the Minister concerned to come here and clarify the position. They are answerable to the House.

श्री संतोा कुमार गंगवार : अध्यक्ष महोदय, माननीय रघुवंश प्रसाद ने जो आरोप लगाया है, वह आपकी अनुमति के बिना और परामर्श किए बिना लगाया है। जिन चार मंत्रियों के नाम उन्होंने लिए हैं, मैं चाहता हूं इसको कार्यवाही से एक्सपंज कर दिया जाए।

MR. SPEAKER: If they are objectionable, they would be expunged from the records.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह : मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं। मेरे पास इस सम्बन्ध में दस्तावेज हैं, जो मैं सदन के पटल पर रखता हूं। अगर यह गलत निकले तो हमें सदस्यता से बर्खास्त कर दिया जाए।â€¦ (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: This will not go on record.

*(Interruptions)**